# खेल जगत



हां यार सब ठीक है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, सिराज पर लगभग 16,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना लगा है जो भारतीय रुपये में करीब 9 लाख है। - **मोहम्मद सिराज**

भारत के तेज गेंदबाज, अपने ऊपर लगे जुर्माने पर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**

### एरिना सबालेंका



**स्टार** टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं। टेनिस मीडिया के मतदान के अन्य परिणामों में ऐमा नवारो को सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और लुलु सन को साल की सर्वश्रेष्ठ नयी खिलाड़ी चुना गया। सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## कीर्ति दिल्ली के नौ जिलों में क्रिकेट एकेडमी स्थापित करेंगे

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। दिल्ली एण्ड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार कीर्ति आजाद ने यहां मंगलवार को कहा कि अगर वह चुनाव जीते तो राजधानी के नौ जिलों में क्रिकेट एकाडेमी स्थापित करेंगे और डीडीसीए के कामकाज में पारदर्शिता, कुशल और सदस्य केन्द्रित संस्थान बनायेंगे। आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कीर्ति आजाद और उनके पैनल ने मौजूदा अधिकारियों द्वारा डीडीसीए में हो रहे भ्रष्टाचार और 'फंड्स के गलत प्रबंधन' पर वर्तमान अध्यक्ष रोहन जेटली और उनकी टीम के कामकाज पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि उनके पैनल के विजयी होने पर वह सदस्यों की बात को प्राथमिकता देंगे, पारदर्शी प्रबंधन होगा, सदस्यों और खिलाड़ियों के आधुनिक सुविधायें प्रदान करेंगे, युवा प्रतिभाओं, महिला क्रिकेट और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया जायेगा। क्रिकेट के प्रबंधन के नए मानक स्थापित होंगे।

## झारखंड को मिली एकतरफा जीत, तमिलनाडू हारा

जगदलपुर, 10 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के मैदान में मंगलवार से शुरु 29 वां राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने तमिलनाडु को 3-0 से हरा कर एकतरफा जीत हासिल की। प्रतियोगिता का पहला दिन काफी रोमांच भरा रहा। हांगकांग,तुर्का,भूटान,बंगलादेश समेत अन्य विदेशी धरती में जलवा दिखाने वाली झारखंड की अमिषा बाक्सला ने नक्सल प्रभावित नारायणपुर के खेल मैदान में हैट्रिक गोल दाग कर तमिलनाडु की टीम को धूल चटा दिया। अमीषा की हैट्रिक गोल की से झारखंड को एकतरफा जीत हासिल हुआ। मंगलवार को स्पर्धा का पहला उद्घाटन मैच झारखंडऔर तमिलनाडु के बीच खेला गया। गौरतलब है कि रामकृष्ण मिशन आश्रम में 29 वां राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता चल रहा हैं। झारखंड की अमीषा बाक्सला को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय फुटबॉल महासंघ के उप-महासचिव एम सत्यनारायण जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में 18 रेफरी, दो मैच कमिश्नर और दो रेफरी असेसर भी मौजूद हैं।

## राष्ट्रीय वीमेन अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता, प्री-क्वार्टरफाइनल में राजस्थान ने विदर्भ को हराया

जयपुर, 10 दिसम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रिय अंडर 15 एक दिवसीय ट्रॉफी प्री क्वाटर फाइनल मैच में राजस्थान ने विधर्भ को 4 विकेट से हराया। राजस्थान-विधर्भ मैच सवाई मान सिंह स्टेडियम (राजस्थान 4 विकेट से जीती)। विदर्भ पारी 178/1 (35 ओवर ), टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विधर्भ ने आर्या पोंगडे की नाबाद 120 रनो की पारी की सहायता से निर्धारित 35 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 178 रनो का स्कोर बनाया।राजस्थान की गेंदबाज धृति माथुर 47/1 विकेट प्राप्त किया। राजस्थान पारी 179/6 (32. 5 ओवर), लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान टीम ने प्रीति कसाना के नाबाद आतिशी अर्धशतक व काव्या बिश्नोई की साहसी पारी की सहायता से 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाते हुए टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई व प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल में पहुँचाया।

**आरसीए अकादमी पंजाब-महाराष्ट्र मैच ( पंजाब जीती ), महाराष्ट्र पारी 136 आल आउट**

टीम के लिए आर्या 23 रनो का योगदान दिया। पंजाब की गेंदबाज रेजल कौर 18 / 3 व रिया 19/2 विकेट प्राप्त प्राप्त किये।पंजाब पारी 138/3, टीम के लिए रिया नाबाद 52 व आस्था नाबाद 33 रनो का योगदान देते हुए टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई। महाराष्ट्र की गेंदबाज सहेज कौर व कृष्णा सगरे प्रत्येक 1-1 विकेट प्राप्त किये।

**बीसीसीआई सीनियर वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी राजस्थान ने चंडीगढ़ को 11 रनो से हराया**

हरयाणा के लाहली में खेली जा रही बीसीसीआई सीनियर वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने चंडीगढ़ को 11 रनो से हराया, राजस्थान पारी 118 आल आउट, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने अक्षिता माहेश्वरी नाबाद 23, डिम्पल कँवर 22, सुमित्रा जाट 18, सुमन मीणा 15 व आयुषी गर्ग 11 रनो की पारियों की सहायता से 118 रनो का स्कोर बनाया।चंडीगढ़ की गेंदबाज कुमारी शिब्बी व काशवी गौतम प्रत्येक 3-3 विकेट प्राप्त किये।चंडीगढ़ पारी 107 आल आउट। राजस्थान की गेंदबाज कौशल्या चौधरी 24/4, सोनल कलाल 9/2, सुमन मीणा 16/1 व शानू 17/1 विकेट प्राप्त करते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई।

## आईसीसी ने पुणे डेविल्स के पूर्व सहायक कोच पर लगाया छह साल का प्रतिबंध

दुबई, 10 दिसम्बर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अबू धाबी टी-10 लीग में पुणे डेविल्स के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों को मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार का दोषी पाये जाने पर क्रिकेट के सभी प्रारूपों में छह वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है। आईसीसी ने जांच में पाया कि ढिल्लों ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड के भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन किया है। ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे, जिनके ऊपर पिछले वर्ष आरोप लगे थे। इसमें बंगलादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन, पुणे डेविल्स के सह मालिक (कृष्ण कुमार चौधरी और पराग संघवी), दो घरेलू खिलाड़ी, टीम के बल्लेबाजी कोच अशार जैदी और टीम मैनेजर शादाब अहमद शामिल थे। हुसैन पर इस वर्ष जनवरी में दो साल के लिए प्रतिबंधित लगाया गया था जैदी, संघवी और चौधरी को अगस्त 2024 में भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्त रहने और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन करने की बात स्वीकारने के बाद प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# बुमराह चोटिल

## अभ्यास सत्र में नहीं आए नजर, रोहित शर्मा की परेशानी बढ़ सकती है



ब्रिसबेन, 10 दिसम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा। भारत के एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद अब 5 मैच की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। भारतीय टीम एडिलेड टेस्ट गंवाने के बाद एक्शन मोड में है और ब्रिसबेन के लिए रवाना होने से पहले मंगलवार को एडिलेड में ही जमकर अभ्यास किया। लेकिन इस प्रैक्टिस सेशल में टीम के उपकप्तान जसप्रीत बुमराह नहीं उतरे।

दरअसल, उन्हें एडिलेड टेस्ट में चोट लगी थी या फिर टीम मैनेजमेंट ने उनके वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत ऐसा किया, ये देखने वाली बात होगी। सिराज ने भी मंगलवार को अभ्यास नहीं किया। भारत के 4 में से तीन पारियों में 200 से कम स्कोर पर सिमटने के बाद, बल्लेबाजी यूनिट ने एडिलेड ओवल में नेट पर खूब पसीना बहाया और अपनी कमियों को दूर करने की कोशिस की। भारत ने अब तक सीरीज में 150, 487/6 पर्थ में, 180, 175 एलिडेल में स्कोर बनाया। दो भारतीय बल्लेबाजों ने अब तक शतक बनाया है, जिसमें यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने पर्थ में 161 और नाबाद 100 रन की पारी खेली थी।

केएल राहुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अपनी किसी भी पारी को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए, उनका सर्वोच्च स्कोर 77 रन रहा है। ऑलराउंडर नितीश कुमरा रेड्डी ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और दोनों टेस्ट मैचों में अहम योगदान दिया। उनके 163 रन सीरीज में अब तक तीसरा सर्वोच्च स्कोर हैं, जायसाल ने 185 रन बनाए हैं और तालिका में टॉप पर चल रहे ट्रैविस हेड ने 240 रन बनाए हैं।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के सभी टिकट बिके

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन (बॉक्सिंग डे) के सभी टिकट बिक गए हैं जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की इस श्रृंखला के प्रति लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। टिकटों की यह भारी मांग ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में शानदार वापसी के बाद देखने को मिली है। भारत ने पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट मैच 295 रन से जीता था। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करने में सफल रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले इन दोनों टीम के बीच शनिवार से ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया,"बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के आम जनता के लिए उपलब्ध सभी टिकट बिक गए हैं। 24 दिसंबर को आम जनता के लिए कुछ और टिकट जारी किए जा सकते हैं।

### हरभजन सिंह ने आईसीसी पर साधा निशाना, कहा-

## मोहम्मद सिराज के साथ हुई नाइंसाफी



नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। आईसीसी ने मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड को जो सजा सुनाई वो भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को पच नहीं पाई। हरभजन सिंह की नजर में कि सिराज के अनुशासनानत्मक रिकॉर्ड में डिमेरिट अंक जोड़ने के साथ मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाना नाइंसाफी है। वह सिराज-हेड की नोकझोंक पर आईसीसी के दखल को सही नहीं मानते। उन्होंने तगड़ी डोज देते हुए कहा कि आईसीसी को छोटी-छोटी चीजों से दूर रहना चाहिए।


सिराज और हेड के बीच इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट में तीखी बहस देखने को मिली। सिराज ने हेड को आउट करने के बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था और पवेलियन जाने का इशारा किया। वहीं, हेड कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। हरभजन सिंह ने स्टार स्पोर्ट् पर कहा कि, बात का बतंगड़ बना लिया है। ऐसा कुछ नहीं हुआ कि आईसीसी को दखल देना पड़े।

कुछ ऐसा नहीं हुआ कि एक-दूसरे से हाथापाई करने गए। ट्रैविस ने कुछ बोला, जिसपर सिराज ने रिएक्ट किया। बात वहीं की वहीं खत्म हो गई। लेकिन आईसीसी ने दखल दिया। दोनों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट दे दिया गया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है। दोनों खिलाड़ियों ने चीजें तो सेम ही की थीं। सिराज ने तो वो शब्द भी नहीं बोला, जो हेड ने बोला था। उन्होंने तो सिर्फ हाथ से इशारा किया था। सिराज ने वो तब किया, जब हेड ने वो शब्द बोला। अगर दोनों ने काम सेम किया तो फिर सिराज पर 20 प्रतिशत क्यों लगाया?

पूर्व स्पिनर ने आगे कहा कि, दुनिया का कोई भी खेल देखें, कितना कॉम्पिटिटिव चलता है। मुझे लगता है कि अगर आईसीसी हर बात पर, हर नोकझोंक पर दख्लअंदाजी करेगा तो वो फ्लेवर खत्म हो जाएगा। क्रिकेट हो, बेस्टबॉल हो, या कोई भी खेल हो थोड़ी बहुत नोकझोंक चलना जरूरी है। इस वजह से स्पोर्ट्स में रुझान बनता है। आईसीसी को छोड़ी-छोटी चीजों में दख्लअंदाजी नहीं करनी चाहिए। आईसीसी को बड़ी चीजों में दखल देना चाहिए।

### 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता

## संजय महावर की घातक गेंदबाजी से राजस्थान यूथ की आसान जीत



जयपुर, 10 दिसंबर। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51 वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज हुकूम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड हाथोज में खेले गये मुकाबले में राजस्थान यूथ ने अभय शर्मा 110 (92 गेंद 13 चौके 2 छक्के) रिहान अली 83 रन (90 गेंद 6 चौके) की शानदार पारीयों तथा संजय महावर 37 रन पर 7 विकेट की घातक गेंदवाजी के बदोलत मिनर्वा क्रिकेट क्लब को 173 रन से हराकर तीसरे राउण्ड में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अभय शर्मा 110 रन रिहान आली 83 रन, दिलखुश 24 रन, कि पारियों की मदद से स्कोर निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 297 रन पहुँचा दिया गेंदवाजी में मिनर्वा क्रिकेट क्लब कि और से विनीत 32 रन पर 4 विकेट, गौरव साल्वी 69 रन 2 विकेट तथा अनन्त पालीवाल 1 विकेट लेकर सफल गेंदवाज रहे।

जवाबी पारी में मिनर्वा क्रिकेट क्लब के तुषार चौधरी 35 रन मोहम्मद शादाब 27 रन, अदित्य जांगिड 22 रन, रवि शर्मा नितीन वामानिया 13 रन को छोडकर कोई भी बल्लेवाज राजस्थान युथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों संजय महावर 37 रन पर 7 विकेट तथा वेदांग शोवित मिश्रा व रोहन सिंह प्रत्येक 1-1 की गेंदवाजी के समक्ष नहीं टिक सकें और पुरी टीम 27.2 ओवर में मात्र 124 रन बनाकर सिमट गए और 173 रन के विशाल अन्तर से राजस्थान युत क्रिकेट क्लब ने जीत हासिल कर ली। इस मैच का मैन ऑफ द मैच संजय महावर 23 रन पर 7 विकेट राजस्थान युथ क्रिकेट क्लब रहे।

## नन्हीं फैन से मिलकर गदगद हुए पंत

ब्रिसबेन, 10 दिसम्बर। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इन दिनों टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वह लंबे समय से टीम के साथ बने हुए हैं और तीनों फॉर्मेट में काफी कम समय में अपनी जगह पक्की कर ली है। ऋषभ पंत ने आईसीसी 2024 से वापसी की और पिर भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऋषभ पंत फील्ड पर हो या उसके बाहर हमेशा फैंस को एंटरटेन करते रहते हैं। इस समय वो एक वीडियो वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पंत छोटी बच्ची के साथ बातचीत करते दिख रहे हैं। पंत के इस जेस्चर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। ऋषभ पंत को 2019 में टिम पेन ने बेबी सिटर कहकर चिढ़ाया था। जिसके बाद से उन्हें ऑस्ट्रेलिया में इस नाम से फैंस बुलाते दिख जाते हैं।

## आरसीए के पूर्व सचिव सामोता व पूर्व कोषाध्यक्ष रामपाल ने हाईकोर्ट से वापसी ली अपील



जयपुर, 10 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरसीए को भंग करने और एकलपीठ के आदेश को चुनौती देने वाली अपील को वापस लेने के आधार पर खारिज कर दिया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश आरसीए के पूर्व सचिव भवानी शंकर सामोता व अन्य की अपील पर दिए। हालांकि अदालत ने यह विधिक प्रश्न खुला रखा है कि क्रीडा परिषद का चेयरमैन ही खेल सचिव होता है और वह परिषद की शिकायत को लेकर की गई कार्रवाई के खिलाफ अपीलीय अधिकारी के तौर पर अपील सुन सकता है या नहीं?

सुनवाई के दौरान अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने अदालत से आग्रह किया कि वे सहकारिता रजिस्ट्रार के आदेश को क्रीडा परिषद के चेयरमैन और अपीलीय अधिकारी के समक्ष चुनौती देंगे। ऐसे में उन्हें अपील को वापस लेने की अनुमति दी जाए। वहीं इस विधिक बिंदु को खुला रखा जाए कि खेल सचिव के तौर पर अपीलीय अधिकारी अपनी शिकायत पर हुई कार्रवाई के खिलाफ अपील सुन सकता है या नहीं? अपील में एकलपीठ के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें एकलपीठ ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वे रजिस्ट्रार के आदेश के खिलाफ अपीलीय अधिकारी के समक्ष आपत्ति दर्ज कराते। अपील में कहा कि सहकारिता रजिस्ट्रार ने आरसीए भंग की दी थी और उन्हें एकलपीठ से कोई राहत नहीं मिली थी।

क्रीडा परिषद की शिकायत पर ही रजिस्ट्रार ने एसोसिएशन भंग की थी। इसलिए खेल सचिव के यहां पर याचिका दायर करने का कोई अर्थ ही नहीं था क्योंकि वह ही परिषद के चेयरमैन व अपीलीय अधिकारी है। गौरतलब है कि सहकारिता रजिस्ट्रार ने गत 28 मार्च को आरसीए को भंग कर दिया था। इसके खिलाफ एकलपीठ में याचिका दायर की गई थी, लेकिन एकलपीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि रजिस्ट्रार के आदेश के खिलाफ अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील पेश करें।

## मोदी ने 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीतने पर भारतीय दल को दी बधाई

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेल 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले भारतीय दल को बधाई दी। मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कुआलालंपुर में आयोजित 10वें एशिया प्रशांत बधिर खेल 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए हमारे भारतीय दल को बधाई। हमारे प्रतिभाशाली एथलीटों ने असाधारण 55 पदक जीतकर हमारे देश को बहुत गौरवान्वित किया है, जिससे यह खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने पूरे देश को, विशेषकर खेलों के प्रति जुनून रखने वाले लोगों को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने अपनी इस पोस्ट के साथ भारतीय दल की फोटो भी साझा की।



## राजस्थान सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड में खेलने हैदराबाद रवाना

जयपुर, 10 दिसंबर। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन नीरज के पवन द्वारा राजस्थान फुटबॉल टीम को संतोष ट्रॉफी फाइनल राउंड के लिए विदा किया। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड में खेलने के लिए हैदराबाद रवाना हुई। इस मौके पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के चैयरमेन नीरज के पवन आई. ए. एस., राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, राजस्थान फुटबॉल महिला विंग चेयरमैन रोशनी टाक, जालोर फुटबॉल संघ सचिव हरिराम डारा, सवाईमाधोपुर सचिव दिलीप श्रीवास्तव, टीम मैनेजर सुनील राव, कोच धर्मेंद्र शर्मा, सहायक कोच नरेन्द्र सिंह, टीम फिजियो गौतम पारीक, टेक्निकल हेड सतीश जांगिड़, टीम कॉर्डिनेटर अमरसिंह राठौड़, गिरिराज सिंह शेखावत और अन्य खेलप्रेमियों की मौजूदगी में टीम को गुड लक व बुलन्द हौसलों के साथ विदा किया तथा सभी ने टीम को अच्छे प्रदर्शन के साथ अंतिम राउंड में पहुंचने की शुभकामनाएं दी।

राजस्थान टीम इस प्रकार हैं - अल्ताफ (कप्तान), गौरव कुमार (उपकप्तान), नितेश, यश गोयल, अमन त्यागी, इमरान, यश साहनी, मुकेश, अंकित शर्मा, रुद्र प्रताप, शक्ति सिंह, जयदेव, विशाल, अर्शलन, अनुज शर्मा, धर्मराज, युवराज सिंह, अमित गोदारा, रुद्रराज, अमनदीप, महिपत और रामनिवास। नीरज के पवन ने टीम को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि राजस्थान टीम ने जैसा शानदार प्रदर्शन करके संतोष ट्रॉफी का प्रथम राउंड पार किया उससे भी अच्छा प्रदर्शन करके फाइनल राउंड में पहुंचे और राजस्थान फुटबॉल के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करें।

इस मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों तथा खेलप्रेमियों ने टीम को आगामी चैंपियनशिप के लिए टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की। ज्ञात रहे कि राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा चैंपियनशिप से पहले 20 दिन का कोचिंग कैम्प लगाया तथा टीम को अच्छे कोच और फिजियो द्वारा फाइनल राउंड के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया है।

फाइनल राउण्ड में पहुंची राजस्थान का पहला मुकाबला 14 दिसम्बर को मेजबान तेलंगाना से होगा। फाइनल राउण्ड में देश की शीर्ष 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसकी मेजबानी इस बार तेलंगाना कर रहा है। ग्रुप आई में राजस्थान की टीम दो जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष पर रही थी। लेकिन अब फाइनल राउण्ड में राजस्थान को 32 बार की संतोष ट्रॉफी चैंपियन बंगाल और गत विजेता तथा सात बार खिताब जीत चुकी सेना जैसी मजबूत टीमों के समक्ष अपनी श्रेष्ठता साबित करनी होगी। फाइनल राउण्ड में बंगाल और सेना के अलावा मणिपुर, मेजबान तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर भी राजस्थान के ग्रुप में हैं। राजस्थान के खिलाड़ी अभी रॉयल फुटबाल क्लब ग्राउण्ड पर अभ्यास कर रहे हैं।

**फाइनल राउण्ड में राजस्थान के मुकाबले**

14 दिसम्बर : राजस्थान बनाम तेलंगाना
16 दिसम्बर : राजस्थान बनाम मणिपुर
18 दिसम्बर : राजस्थान बनाम बंगाल
21 दिसम्बर : राजस्थान बनाम सर्विसेज
23 दिसम्बर : राजस्थान बनाम जम्मू-कश्मीर।

## इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग : रॉयल चैलेंजर राजस्थान ने दिल्ली फाइटर को 4-3 से हराया



जयपुर, 10 दिसम्बर। इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग का आयोजन सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम जयपुर में इस लीग के दुसरे दिन कुल 6 मैच हुए। इन मैचों के शुभारंभ के समय अलग अलग खेल जगत के विद्वानों द्वारा खिलाड़ियों के परिचय के साथ विधिवत् रूप से मैचों की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम आज के मुख्य अथिति एडिशनल वी के सिंह एटीएस/एस ओजी, राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि आईजी संदीप सिंह चौहान, एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह, मेघ सिंह संयोजक क्रीड़ा भारती, मनोज दासोत वाइस प्रेसिडेंट राजस्थान बैडमिंटन संघ, सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन के सचिव रमेश सिंह, सॉफ्ट हॉकी लीग के चैयरमैन संजय पाटनी, लीगल एडवाइजर राजेश काला, सॉफ्ट हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष के के प्रधान, भारतीय हॉकी टीम के कोच हरजिंदर सिंह बराड़, तकनीकी अधिकारी हर्षित यादव और सभी टीमों के फ्रेंचाइज उपस्थित रहे।

दूसरे दिन के मैचों का परिणाम इस प्रकार रहा। पुरुष वर्ग में स्टार ऑफ चंडीगढ़ ने 2-0 से पंजाब लायन को, हरियाणा बिगबुल ने पावर स्ट्राइकर को 8-3 से तथा महिला वर्ग में रॉयल चैलेंजर राजस्थान ने दिल्ली फाइटर को 4-3 से तथा स्टार ऑफ चंडीगढ़ ने हरियाणा बिग बल को 5-3 से हराया।

## हॉकी इंडिया का एफआईएच कोचिंग कोर्स शुरू

नई दिल्ली, 10 दिसंबर। हॉकी इंडिया का कोचिंग में करियर बनाने वाले खिलाड़ियों के लिए 16 दिसंबर से एफआईएच बैच वन, टू और थ्री कोचिंग कोर्स शुरु होगा। हॉकी इंडिया ने आज कहा कि 16 दिसंबर से शुरु होने वाले एफईएच वन, टू और थ्री बैच के शुरू होने वाले कोचिंग कोर्स की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हॉकी इंडिया की इस पहल के जरिए खिलाड़ियों को आवेदन और पंजीकरण के लिए खुला मंच उपलब्ध हुआ और इससे हॉकी इंडिया और उसके सदस्यों को देश भर के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के साथ काम करने का शानदार अवसर मिल रहा।

### स्वर्गीय रघु सिन्हा की विरासत सम्मान में आयोजन, देश-विदेश से लगभग 125 प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा

## जयपुर में प्रतिष्ठित रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन



जयपुर, 10 दिसंबर। गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित बहुप्रतीक्षित रघु सिन्हा आईटीएफ 200 टेनिस टूर्नामेंट 2024 का उद्घाटन आज जयपुर क्लब में शानदार समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेंद्र गोलछा, ट्रस्टी सुधीर माथुर, टूर्नामेंट डायरेक्टर सीए प्रदीप जैन, संयोजक ललित सिंह तालेड़ा, कोऑर्डिनेटर नरेश दरियानानी, सदस्य अनुराग बियानी, राजेंद्र सिसोदिया, विक्रम सिंह, लोकेश, गुल दरियानानी और जयपुर क्लब के मानद कोषाध्यक्ष सीए पवन पाराशर सहित प्रबंधन समीति सदस्यगण एवं अन्य सम्माननीय अतिथिगण उपस्थित थे।

यह टूर्नामेंट स्वर्गीय रघु सिन्हा की याद में रघु सिन्हा माला माथुर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस छह दिवसीय टूर्नामेंट में देश-विदेश से करीब 125 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें कई प्रसिद्ध आईटीएफ रैंकिंग वाले खिलाड़ी शामिल हैं, जो अपनी शानदार कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

टूर्नामेंट के पहले दिन 45, 50 और 55 पुरुष श्रेणियों में मुकाबले खेले गए। 45 श्रेणी में संजम ढिल्लों, तरुण भुम्बरी, अरुण कटारिया, विकास मदेरणा और जयपुर के अश्विन दलवी ने विजयी प्रदर्शन किया। 50 श्रेणी में आशीष मालपानी, अनिल कुमार और संजीव कुमार ने जीत दर्ज की, वहीं 55 पुरुष श्रेणी में राज दत्त और राकेश भाटिया ने अपने मुकाबले जीते। सभी विजेता खिलाड़ी अब अगले राउंड में मुकाबला करेंगे।

इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गों में मुकाबले होंगे। इसमें 110 पुरुष खिलाड़ी 45, 50, 55, 60, 65, 70 और 75 श्रेणियों में और 15 महिला खिलाड़ी 35 और 45 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि 2 लाख रुपये रखी गई है, साथ ही एकल और युगल श्रेणियों में विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफियां भी दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे।

रघु सिन्हा टेनिस टूर्नामेंट में पिछले वर्षों की सफलता को देखते हुए टूर्नामेंट में प्रतिभागियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई। पिछले वर्ष जहां 80 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था, वहीं इस वर्ष खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर 125 हो गई है। रघु सिन्हा टेनिस क्लब की ओर से प्रतिभागी खिलाड़ियों और ग्राउंड स्टाफ को टी-शर्ट्स भी भेंट की जा रही है।